Satya ka Avahan

सत्य का अवाहन

Invoking the Divine

Year 13 Issue 1 January–February 2024

Sannyasa Peeth, Munger, Bihar, India

Hari Om

Satya ka Avahan is a bilingual and bi-monthly magazine compiled, composed and published by the sannyasin disciples of Sri Swami Satyananda Saraswati for the benefit of all people who seek health, happiness and enlightenment. It contains the teachings of Sri Swami Sivananda, Sri Swami Satyananda, Swami Niranjanananda and Swami Satyasangananda, along with the programs of Sannyasa Peeth.

Editor: Swami Gyansiddhi Saraswati

Assistant Editor: Swami Shivadhyanam Saraswati

Published by Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.

Printed at Thomson Press India (Ltd), Haryana

© Sannyasa Peeth 2024

Useful Resources

Websites:

www.sannyasapeeth.net
www.biharyoga.net
www.satyamyogaprasad.net

Apps:
(for Android and iOS devices)

Bihar Yoga
APMB
YOGA (English magazine)
YOGAVIDYA (Hindi magazine)
FFH (For Frontline Heroes)

Front cover and plates:
Satyam Poornima 2023



SATYAM SPEAKS – सत्यम् वाणी

Satsang is the essence of yogic and spiritual life. Satsang is an encounter with truth or association with those who are following the path of truth. In the highest sense it means direct perception and communion with truth, and even more: living with awareness of truth in every action and incident of life. It means that one's being is submerged in awareness of truth. This is an elevated definition.

–Swami Satyananda Saraswati

सत्संग यौगिक और आध्यात्मिक जीवन का सार है। सत्संग सत्य का साथ है, उन लोगों का संग है जो सत्य के पथ पर चल रहे हैं। पारमार्थिक दृष्टि से इसका तात्पर्य है सत्य का साक्षात्कार, और इससे भी अधिक, जीवन के हर क्रिया-कलाप में सत्य की सजगता बनाये रखना। इसका मतलब यही कि मनुष्य का सम्पूर्ण व्यक्तित्व सत्य की चेतना से भर जाए। यह सत्संग की सर्वोच्च परिभाषा है।

–स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

Published and printed by Swami Kaivalyananda Saraswati on behalf of Sannyasa Peeth, Paduka Darshan, PO Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.
Printed at Thomson Press India (Ltd), 18/35 Milestone, Delhi Mathura Rd., Faridabad, Haryana.
Owned by Sannyasa Peeth **Editor**: Swami Gyansiddhi Saraswati

Satya ka Avahan
Invoking the Divine

सत्य का आवाहन

Year 13 Issue 1 • January–February 2024

न तु अहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनां आर्त्तिनाशनम्॥

"I do not desire a kingdom or heaven or even liberation. My only desire is to alleviate the misery and affliction of others."

—Rantideva

Contents

2 स्वप्न साकार हुआ
5 हृदय की कोमलता
8 Satyam Navanga
11 The Light Within
12 Sannyasa
14 The Spirit of Sannyasa
16 सत्संग का सच्चा अर्थ
20 Atmabhava
23 About Bhava
25 The Destiny of Union
27 What is Satsang?
29 An Inspiration
31 A Hint
32 साधक का आह्वान
33 Towards Divinity in Life
40 Maryada Purushottam
42 ज्योतिर्मय पथ पर चलो

स्वप्न साकार हुआ

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

एक स्वप्न देखा था हमने। गोधूलि की बेला थी, गंगा नदी का तट था और गंगा नदी की रेत में बारह शिवलिंग गड़े हुये थे। वातावरण में रुद्री का पाठ हो रहा था और एक कौपीनधारी नागा संन्यासी गंगा नदी से एक लोटे में जल भरकर शिवलिंगों पर डालकर उनका अभिषेक कर रहा था।

यह स्वप्न हमने सन् 2020 में शतचंडी महायज्ञ के दौरान रिखियापीठ में देखा था। 2019 तक रिखियापीठ में आयोजित शतचंडी महायज्ञ और योग पूर्णिमा के कार्यक्रमों में हम हमेशा जाते थे, लेकिन जब 2020 में यह स्वप्न देखा तो इससे प्रतीत हुआ कि ईश्वर और गुरु का आदेश मिला है कि इस अवधि में जब पूरी दुनिया गुरुदेव के जन्मदिवस को मनाती है, तुम द्वादश शिवलिंगों का अभिषेक कर गुरुदेव को अपनी आराधना अर्पित करो।

तब 2020 में हमलोगों ने मुंगेर में इसे एक अनुष्ठान के रूप में बहुत ही छोटे स्तर पर किया और अब यह इस सत्यम-पूर्णिमा की आराधना का चौथा साल है। प्रत्येक वर्ष इस आराधना के आरंभ में हमको गुरुदेव का एक संदेश प्राप्त होता है, जिनसे यह मालूम पड़ता है कि वे यहाँ पर हमलोगों के साथ विद्यमान हैं। यह कोई सामान्य कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक अनुष्ठान है, एक संन्यासी की आराधना है, जिसका आदेश संभवतः स्वयं महेश्वर ने ही दिया है। और क्या संयोग रहा है इस साल महादेव की कृपा का! इस वर्ष जब हमलोग अपने गुरुदेव की जन्म-शताब्दी मना रहे हैं तो हमें एक स्वप्नादेश हुआ कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों की यात्रा करके पंचाग्नि भस्म के साथ सभी ज्योतिर्लिंगों का अभिषेक किया जाये। ईश्वर की कृपा ऐसी रही कि हमारे स्वामी संविदानन्द जी महाराज ने कहा कि हम भी आपके साथ चलेंगे। आठ दिनों में ही हमलोगों ने द्वादश ज्योतिर्लिंगों की तीर्थयात्रा सम्पन्न कर ली! जहाँ-जहाँ भी हमलोग गए, ईश्वर दर्शन और आराधना का बहुत सुंदर अवसर मिला। जहाँ पर व्यक्ति एक मिनट भी खड़ा नहीं रह पाता है, वहाँ पर हमें आधा-एक घंटा समय मिला।

मस्त होकर हमलोगों ने भस्म के साथ ज्योतिर्लिंगों का सुंदर अभिषेक किया और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

इस वर्ष हमलोग अपने गुरुजी के जन्म के सौ साल मना रहे हैं। इन सौ सालों में उनकी शिक्षाओं का जो स्वरूप देखने में आया, वह अपने आप में अद्भुत है। उनका पूरा जीवन साधु, समाज और संस्कृति के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनका पूरा जीवन अपने गुरु की सेवा, प्रेम और दान की शिक्षाओं को स्थापित करने में संलग्न रहा। उनके जीवन का उद्देश्य था कि हर व्यक्ति स्वास्थ्य, प्रसन्नता और सामंजस्य को प्राप्त करे और इन नौ संकल्पों को लेकर हमलोगों ने इस वर्ष जो कार्य किये, वे इन नौ संकल्पों के पूरक हैं। पिछले वर्ष सत्यम-पूर्णिमा के समय मुंगेर में हमलोगों ने शताब्दी-वर्ष का श्रीगणेश किया था और इस वर्ष की सत्यम-पूर्णिमा के साथ हमलोग इस शताब्दी-समारोह को पूर्ण विराम दे रहे हैं। यह समापन भी कैसा अद्भुत हो रहा है! लोग अभी रिखियापीठ से योग पूर्णिमा मनाकर यहाँ पहुँचे हैं। वहाँ तो बहुत भव्य आयोजन था, यहाँ पर एक छोटी-सी आराधना है, लेकिन इस आराधना की पूर्णाहुति में भारत के चार दिग्गज महात्मा – स्वामी गिरीशानन्द जी, स्वामी मुक्तानन्द जी, स्वामी संविदानन्द जी और स्वामी माधवानन्द जी चार चाँद लगा रहे हैं।

शताब्दी का समापन होगा इकतीस तारीख को और नव-वर्ष में आश्रम परम्परानुसार हनुमान जी का आवाहन करके हमलोग एक संकल्प लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ेंगे। वह संकल्प यही होगा कि हमारा आध्यात्मिक जीवन सुदृढ़ बने। भौतिकता के सम्मोहन में तो सभी रहते हैं, इसमें कोई दो मत नहीं। आज के साधु लोग भी भौतिकता के सम्मोहन में रहते हैं। भौतिकता का सम्मोहन तो सबको होता है, लेकिन उसके साथ आध्यात्मिक चेतना और जागृति की भी आवश्यकता होती है। जो व्यक्ति अपने जीवन में आध्यात्मिक चेतना को जागृत कर पाता है, वही अपने जीवन में सुख, शांति और आनंद का अनुभव कर पाता है। जो व्यक्ति आध्यात्मिक जीवन से विमुख रहता है, उसे अपने जीवन में हमेशा दुःख, संताप, कठिनाइयों और परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह निर्विवाद सत्य है। इसलिए हमारा संकल्प होना चाहिए कि हमारा आध्यात्मिक जीवन मजबूत बने और उसको मजबूत बनाने के लिए हमें हमेशा प्रयत्न करने की आवश्यकता है। यह हमलोगों का संकल्प रहेगा शताब्दी-वर्ष के समापन पर।

– 29 दिसम्बर 2023, सत्यम् पूर्णिमा, पादुका दर्शन

हृदय की कोमलता

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

भगवान का दर्शन करने के लिए चर्म-चक्षु नहीं, बल्कि अन्दर की आँख खुली होनी चाहिए। यह अन्दर की आँख क्या है? हृदय और उसकी भावना। जो भावना आपको अपने बच्चे और पत्नी के लिए होती है, उसे हृदय अनुभव करता है न! हृदय ही मनुष्य की तीसरी आँख है। पूजा-पाठ अपनी जगह

पर ठीक है, वेदान्त और भक्ति भी अपनी जगह पर ठीक है, परन्तु जब तक मनुष्य का हृदय कोमल नहीं होगा, उसकी भावना शुद्ध नहीं होगी, तब तक उसे भगवान के दर्शन नहीं होंगे।

भावना को शुद्ध करने के लिए मनुष्य को *'सीयाराममय सब जग जानी'* सिद्ध करना पड़ता है। सब में भगवान को देखना कितना मुश्किल है! मेरे पड़ोसी के घर में खाना नहीं है, मतलब मेरे घर में खाना नहीं है। पड़ोसी के घर में बेटी बीमार है, इसका मतलब मेरे घर में बेटी बीमार है। यह भावना जब तक सत्यानन्द को नहीं होगी तब तक उसको भगवान का दर्शन नहीं हो सकता। वह भगवान के बारे में बोल सकता है, लिख सकता है, लोगों को उपदेश दे सकता है, आचार्य बन सकता है, लेकिन उसको भगवान का दर्शन नहीं हो सकता है।

जो आत्मा मेरे अन्दर है वही आत्मा सबके अन्दर है। माला के सारे-के-सारे मनके एक ही सूत्र में पिरोये हैं और उस सूत्र को कहते हैं ईश्वर या आत्मा। उस आत्मा का अनुभव भी होता है। तुलसीदास जी को चित्रकूट में हुआ। सूरदास, मीराबाई, चैतन्य महाप्रभु और रामकृष्ण परमहंस को हुआ। बहुत लोगों को हुआ है। यह एक अनुभव है और इस अनुभव को प्राप्त करने के लिए सबमें भगवान को देखना ही साधना है।

इस साधना की प्रेरणा मेरे को भगवान शंकर ने दी। उन्होंने मेरे से कहा, तू ऐसा कर। अब यह मेरी साधना का अभिन्न अंग है। मैं आपको जो कह रहा हूँ, अपना गौरव आपके सामने प्रकट नहीं कर रहा हूँ। मैं यह बतलाना चाहता हूँ कि व्यक्ति को भगवान की प्राप्ति के लिए जो साधना करनी पड़ती है, उसकी पूर्णता तब होती है जब वह सब जीवों के कष्टों का स्वयं अनुभव करने लगता है।

आखिर मदर टेरेसा को क्या पड़ी थी बीमारों की देखभाल करने की। कोई बीमार पड़ा है तो पड़ा रहने दो, हमारा कोई भाई-भतीजा लगता है क्या? नहीं, जब तुमको दूसरे के दुःख से पीड़ा हो, जब तुमको दूसरे के सुख से सुख मिले, तब समझना तुम भगवान के बहुत नजदीक हो। यह लक्षण है। 'मैं सुलतानगंज से पैदल आकर बैद्यनाथ मन्दिर में जल चढ़ाता हूँ', यह कहने की जरूरत नहीं। यदि तुमको दूसरे के सुख से ईर्ष्या हो, दूसरे की पीड़ा में सुख मिले तो समझना तुम भगवान से बहुत दूर हो।

रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने बड़ा सुन्दर लिखा है – 'स्नेह, प्रेम, करुणा, भक्ति से कोमल करो प्राण।' तुम्हारे प्राण इतने कठोर हो गए हैं कि तुम्हें दूसरे के दुःख

में सुख मिलता है और सुख में दुःख। इन कठोर प्राणों को कोमल करो। कैसे? स्नेह, प्रेम, करुणा और भक्ति से। अपने से छोटों से स्नेह किया जाता है, अपने बराबर वालों से प्रेम, अपने से ज्यादा अभागे लोगों पर दया और अपने से बड़े की भक्ति। ये चार साधन हम लोगों को अवश्य करने चाहिए। कई लोग इसको समाज सेवा भी बोलते हैं। नाम चाहे जो भी दो, इसके अलावा और कोई उपाय नहीं है।

यहाँ के बूढ़े लोगों का हम विशेष रूप से ख्याल रखते हैं। क्या मालूम वह बूढ़ा आदमी किसी जमाने में मेरा बाप रहा हो। हम नहीं कह सकते कि पूर्वजन्म में तुम मेरे क्या थे या मैं तुम्हारा क्या था। हम लोगों का कई जन्मों का सम्बन्ध है। आखिर मैं रिखिया ही क्यों आया। मैं गंगोत्री चला जाता, किसी दूसरी जगह चला जाता। मनुष्य को पूर्वजन्मों के कर्म खींच कर लाते हैं। वह जिन व्यक्तियों से प्रेम करता है या द्वेष करता है या जिस किसी रूप में सम्बन्ध रखता है, वे किसी-न-किसी जन्म में, किसी-न-किसी रूप में उससे जुड़ते हैं।

यह साधना हमारे ऋषि-मुनियों ने बहुत पहले से बतला रखी है। रामचरितमानस में भी कहा गया है कि कलियुग में दो ही साधनाएँ चलेंगी। इस युग में यज्ञ और तप नहीं हो सकते। केवल भगवान का नाम जपो और येन-केन-प्रकारेण दूसरों की मदद करो, परोपकार करो। उससे हमारा जन्म सुधरेगा। पूर्वजन्म में अच्छा कर्म करके आए, इसलिए इस जन्म में अच्छा कटा। इस जन्म में अच्छा करेंगे तो अगला जन्म अच्छा रहेगा, और इसी बहाने दो-चार लोगों की मदद भी हो जाएगी।

अभी हमने स्वामी निरंजन से कहा है कि अगल-बगल में कुछ जमीन ले लो। उसमें पचास कमरे बना दो, रसोई घर बना दो और गाँव में जितने बूढ़े हैं जिनका घर में नहीं जमता है, उन सब को ले आओ इस वृद्धाश्रम में, वानप्रस्थ आश्रम में, जैसे प्राचीनकाल में था। वहाँ पर उन लोगों को भजन-कीर्तन भी करवायेंगे। उनमें जो अच्छे विद्वान् होंगे वे आसन-प्राणायाम सीखकर अगल-बगल के लोगों में योगविद्या को फैलायेंगे। रिखिया पंचायत के लोगों को एक नया आदर्श देखने को मिलेगा। केवल यहीं नहीं, मैंने हिन्दुस्तान के सब साधु-महात्माओं को लिख दिया है, 'शहर छोड़ो, गाँव में आओ, अब तुम लोग सब सेवा में उतरो।'

– 25 नवम्बर 1999, रिखियापीठ



Satyam Navanga

Swami Niranjanananda Saraswati

In Sri Swamiji's life we see nine thoughts manifesting; you could even say that he showed us the path of yoga in *navanga*, nine stages. The first three stages of this yoga connect the individual with himself by making us aware of the need to be healthy, physically, mentally, emotionally, spiritually, by making us connect with the component of happiness and contentment in life, and by making us realize the need, the importance and the experience of harmony in our life. Health, happiness and harmony become the first clarion call of Sri Swamiji which he achieved through fulfilling the mandate of his Master, to spread of yoga from door to door and shore to shore.

Then he established the next vision which is to connect the individual with other individuals and with the cosmic

being who resides in and is the in-dweller of all hearts. He showed this connection through *seva*, service, *prem*, love and affection, and *daan*, giving. In the second vision, he established the teachings of his Master.

The outcome of the first two is the upliftment of *sadhu*, the good people in society, upliftment of *samaj*, society, to provide them with all that is necessary, to ensure that society has the proper care for body, mind, profession, education and this in every respect; and the development of *sanskriti*, the human culture, based on kindness, compassion and love. Ultimately, it is this that had brought our civilization together.

People say that wars created human civilization. No, on the contrary, wars destroyed human communities and human civilizations. It was the kindness and compassion of indivi-

duals that gave birth to a unified society. It is the kindness, compassion, love, affection, support and care that we can give to others that will build a stronger society which will be self-sufficient and self-reliant. If we seek domination and control, then definitely social destruction will take place and it will lead to strife, pain, suffering and even destruction and death.

Spiritual values have always supported the positive human values. Saints have spoken of connecting with love and kindness, yet for people it has only remained a theory, a philosophy and not something which can be applied in life. You have to understand that unless you apply knowledge in your life, you continue to live in darkness. In darkness there is no salvation. Only when you come out of the darkness through the light of wisdom you will find salvation and happiness. That has been the statement of the Gurus throughout the ages.

It is with this sankalpa that we shall go from here today – to work for health, happiness and harmony; to acquire the nature and the culture to serve, love and give, and to offer our contribution, our service for the upliftment of good people on the planet, of society at large and of human culture which encompasses everyone with compassion, love, care and support, so that each one is happy and contented.

Sarve bhavantu sukhinah, sarve santuniramah,
Sarve bhadrani pashyantu ma kasht dukkha bhag bhavet.

This is the statement of the Vedas that everyone should be happy, everyone should be content, everyone should be fulfilled and there should be no or less pain and suffering in life. That is the spiritual path that we follow according to the the teachings, the vision and the inspiration given to us by the tradition of Swami Sivanandaji and Sri Swami Satyanandaji.

We are grateful to them for giving us this direction, this path, this awareness, knowledge, understanding and sadhana, so that we can improve ourselves in life.

– 1 January 2024, Paduka Darshan, Munger

The Light Within

Swami Satyananda Saraswati

How can you tell that you are a householder? When you have a wife, children, relatives, family responsibilities, bills to pay, that is called a householder, *grihastha*. If you have no bills to pay, no wife, no children, no relatives, nothing, you must step out of the portals of your home, find a guru for yourself, live with him, serve him, do karma yoga. Do not ask him anything, do not say, 'Guruji, give me samadhi.' When you come to my shop, I know you have come to purchase something. It is understood that when an aspirant goes to a guru, he does not go for anything else but spiritual life.

Don't ask, 'Guru, give me moksha,' 'Give me samadhi,' or 'Give me benedictions.' Just stay with him, don't even think that he is going to give you a meditation or kundalini technique. The guru will only tell you to practise karma yoga, to exhaust the last remnants of karma; then the light will shine by itself. You do not have to bring the light. How can you bring the light? The light is shining all the time, but blind as we are, we do not see it. We cannot see it.

You do not have to bring light for a blind man, you have to give him eyes. In the same way, when you go to guru you do not have to think, imagine or wish for the light, as it is in you. The cover of *avidya*, ignorance, constituted by the mind and by samskaras must be removed, then light will come by itself. If you do not do it, then even without the responsibilities of a householder, you will still be regressing on the spiritual path day after day, because after all, what are you going to do? That is my suggestion to you.

– 6 April 1982, London

Sannyasa

Swami Satyananda Saraswati



To be lean or to be fat is not important. The important thing is a smooth flow of emotions. When there is a smooth flow of emotion, you have peace of mind. When you have peace of mind, you can meditate. If there is no smoothness, there is a struggle. I am telling you this because sannyasins are important for the society. If they can make their lives and minds very smooth, then in the course of time, they will be more capable of serving people.

Sannyasins should not be mentally sick. Of course, all sannyasins are not completely evolved. With their work, they must work systematically from time to time. How do you drive the car? You have first gear, second gear, third gear, fourth gear, and a lower gear. If every time you put the car in fourth gear, you can have an accident. You have to change gears, according to the road and the traffic. Like this you should do it. When there is a lot of traffic in the mind, you should use a

strong gear. When there is no traffic in the mind, you should use a speed gear. When it is very difficult in the mind, you should use a lower gear. When there is dangerous traffic, you should use the brakes. They have to use all these different tricks in life. In sannyasa, it is better if there are no U-turns.

What must a sannyasin renounce?

Renunciation is a very important thing in the life of a sannyasin. He has to renounce the maze of things in the mind. He has to renounce the images. For many years, I had been having many desires and now I do not have them anymore. That is the first renunciation. A sannyasin cannot live without desires. So what should he desire? He should not desire for himself, but for others. That is the second renunciation. The third renunciation is when you live in this world you are affected and influenced. These influences leave a mark on your mind and life. You have to renounce that. When you have a guru as your guide, you do not have to think about what you have to renounce.

Once you are completely dedicated to your guru that is the total renunciation. Bhakti, devotion and surrender are complete renunciation. If you have not been able to renounce, then all other renunciations remain incomplete. In the life of a sannyasin, the greatest and ultimate factor is guru. If this is properly understood, I think sannyasa becomes very easy and renunciation becomes spontaneous.

Swamis must work very hard, physically and mentally, then everything will be calm and quiet and there will be no turbulence. When you have no physical and mental work, the mind flies away. One meal a day is good, but it is also important to do a lot of work, physical and mental.

The mind is very powerful; it is a magician. It will create many problems. Headache is a problem, a mental problem. Migraine is mental. Mind is a magician. Food once a day is sufficient. Any swami who wants to eat once a day, is doing the right thing. It is good for mental peace. If you want to eat once a day, the hormonal imbalances will be less. ■

The Spirit of Sannyasa

Swami Niranjanananda Saraswati

First and foremost, I am a sannyasin because it was for that that I came to my guru. Before we met, I was a sannyasin.

That was the purpose with which I came. My position in your beliefs and ideas is your affair. Today you call me a guru, so I become a guru, tomorrow you call me a dog, so I become a dog? Today you call me a saintly person, so I am a saintly person and if tomorrow you call me a lecherous person do I become a lecherous person? The thoughts you impose are your own affair, not my concern. I did not come to receive anything from any one, either your praise or abuse, that is secondary. As long as I am true to my sannyasa commitment, I will be able to help others. The day I lose my balance, I will need help. That is the life story of every individual in this world, whether they are saints, avatars or ordinary people.

As long as a person is true to their commitment, there is every chance he will fulfil that commitment and attain that goal, but if the goal is not clear, then the outer distractions and influences can sway a person. In the tradition of the gurus in our parampara, from Swami Sivananda down to his disciples, one very important aspect of human effort is seen. The personal example of Swami Sivananda was his commitment to spirituality. The example of Swami Satyananda is his commitment to spirituality and it is the same with Swami Sivananda's other disciples. Today they are recognized as leaders in their fields, as masters, as luminaries who have inspired many people to become and to attain something. That has been the spirit of sannyasa alive in them and due to that spirit, they were able to do all those things.

So first and also last I am a sannyasin and not anybody's guru, friend, counsellor or associate. Such ideas are projections of your own ideas. Why do different people see in different ways? If a guru is a guru, then why isn't he seen universally as that? Why do people build up their own image of the guru according to their own nature? Why is it that for some guru is a philosopher, for some a guide, for some a friend? In the life of a spiritual aspirant it is not gurudom which is important but truthfulness to one's self. That is the spirit of sannyasa. ■

सत्संग का सच्चा अर्थ

स्वामी शिवानन्द सरस्वती

सत्संग शब्द सत् और संग, इन दो शब्दों के योग से बना है। सत् का अर्थ है परमसत्ता, जो ब्रह्म है। सत् ब्रह्म का अपरिहार्य स्वभाव है। यह सभी परिवर्तनशील वस्तुओं में अक्षुण्ण रहता है। एकमात्र यह सत् ही इस नामरूपात्मक जगत् को धारण करता है। वही सत् सर्वव्यापक, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् आदि गुणों से सम्बद्ध होकर ईश्वर या परमात्मा कहलाता है। संग का शब्दार्थ है संगति या मेल। सदा प्रभु की संगति में रहना या ब्रह्म में स्थित रहना, यह हुआ सत्संग का शाब्दिक अर्थ, परन्तु जब तक अविद्या रहती है, तब तक ब्रह्म की अपरोक्षानुभूति नहीं हो सकती। ज्ञान से अविद्या का नाश होने पर सत् स्वयं प्रकट हो जाता है। यही सर्वोच्च सत्संग है।

ज्ञानियों की संगति से ही निर्गुण अथवा सगुण ब्रह्म का ज्ञान होता है, अत: उसे भी सत्संग ही कहते हैं। इस संदर्भ में सत्संग का अर्थ है सत्पुरुषों

की संगति। सत्पुरुष वे हैं जिन्होंने या तो सत् का साक्षात्कार कर लिया है या उसके साक्षात्कार के लिये प्रयत्नशील हैं। जिस व्यक्ति ने अहंभाव, लोभ, काम-वासना आदि का त्याग कर दिया है, वह सत्पुरुष है। जिन लोगों ने समदृष्टि, मन का सन्तुलन तथा प्रभु में अव्यभिचारिणी भक्ति प्राप्त की है, वे सत्पुरुष हैं। जो लोग शान्ति, आनंद, संतोष, निर्भयता, विनम्रता, ओजपूर्ण वाणी तथा दिव्य आभापूर्ण व्यक्तित्व से सम्पन्न हैं, वे सत्पुरुष हैं।

एकमात्र भगवत्कृपा से सत्संग संभव

किसी सत्पुरुष के संपर्क में आना बड़ा ही कठिन है और उससे भी कठिन है सत्पुरुष को पहचानना। संसारी संस्कारों से युक्त व्यक्ति अपने ही पैमाने से सन्त को मापना चाहते हैं और उस पैमाने के अनुकूल न पाकर उसे झूठा संत मान कर त्याग देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे संत-संपर्क के लाभ से वंचित रह जाते हैं। परन्तु फिर भी सत्संग का अमिट प्रभाव संबंधित व्यक्ति पर पड़ता ही है, उसे चाहे वह शीघ्र अनुभव करे अथवा कुछ समय के बाद। भक्ति-सूत्रों में देवर्षि नारद कहते हैं – *महत्संगस्तु दुर्लभोऽगम्योऽमोघश्च* अर्थात् महात्माओं का संग दुर्लभ, अगम्य और अचूक है।

महापुरुषों की संगति प्राप्त करना दुष्कर है। महापुरुषों के समाज में किस प्रकार तथा कब कोई मनुष्य प्रवेश पा सकेगा, यह कहना संभव नहीं, परन्तु यदि महापुरुषों की संगति एक बार भी प्राप्त हो गयी, तो उसका प्रभाव चिरस्थायी रहता है। भगवत्प्रेम मुख्यत: सत्पुरुषों की कृपा अथवा प्रभु की करुणा के संस्पर्श से ही प्राप्त होता है। इसी भाँति सत्संग भी प्रभु की कृपा से ही प्राप्त होता है, क्योंकि भक्त और भगवान् में कोई अंतर नहीं है। दोनों अभिन्न हैं। श्रुति की घोषणा है कि ब्रह्म को जानने वाला ब्रह्म ही हो जाता है। ब्रह्म के समान ही संतों की महिमा अपार तथा अनंत है।

प्रभु तथा उनके भक्तों के संबंध पर प्रकाश

यद्यपि सूर्य की किरणें सभी पर समान रूप से पड़ती हैं, परन्तु हीरा अन्य सभी वस्तुओं की अपेक्षा अधिक चमकता है। यद्यपि किसी सेठ के मकान में सैकड़ों कमरे होंगे, पर वह निजी सुसज्जित कमरे में ही आनंद प्राप्त करता है। उसी प्रकार यद्यपि प्रभु सबके हैं, किन्तु वे सन्त के उस हृदय में अधिक स्पष्ट रूप से प्रकट होते हैं, जो पवित्रता से उज्ज्वल हो गया है तथा जो करुणा,

दया, आत्म-संयम, समदृष्टि तथा ज्ञान के बहुमूल्य रत्नों से जड़ित है। गीता में भगवान् श्रीकृष्ण कहते भी हैं –

समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रिय:।
ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम्॥9.29॥

अर्थात् यद्यपि मैं सब भूतों में समभाव से व्यापक हूँ, न कोई मेरा अप्रिय है और न प्रिय, परन्तु जो भक्त मेरे को प्रेम से भजते हैं, वे मेरे में और मैं भी उनमें प्रत्यक्ष प्रकट हूँ।

भगवान् और उनके भक्तों का संबंध तीन प्रकार का बतलाया गया है। प्रथमत: दोनों अभिन्न हैं, क्योंकि संत का ईश्वर से पृथक् कोई अस्तित्व नहीं है। हरि-इच्छा ही उनके जीवन की इच्छा है। सूर्य की ज्योति वास्तविक सूर्य में मिल गयी है। नमक का पुतला सागर में मिलकर तद्रूप हो गया है। ओस की बूँदें विशाल सागर में प्रवेश कर गयी हैं। जीव शिव में लीन हो गया है। जब अहं जाता रहा, तो हरि और हरि के जन में कोई अन्तर नहीं रहा।

दूसरे दृष्टिकोण से देखने पर सन्त से ईश महान् है, क्योंकि संत तो केवल पथ है। मानव संत के दर्शन से ही संतोष नहीं पाता, इसलिए पूछता है, 'महाराज! भगवत्प्राप्ति का मार्ग कृपा कर बतायें। परम पुरुषार्थ अर्थात् मोक्ष की प्राप्ति के लिये मैं क्या करूँ?' इससे यह प्रमाणित होता है कि सन्त से भगवान् श्रेष्ठ हैं, परन्तु यह सापेक्षिक दृष्टिकोण है। बंधन में पड़ा मानव संत के संपर्क में आ सकता है, किन्तु उसके लिये संत-चेतना का, जो कि ईश से अभिन्न है, अनुभव करना अति दुष्कर है। जब तक उसे इस चेतना की अनुभूति नहीं होती, तब तक संत उसके लिये किसी लक्ष्य के पथ मात्र ही हैं, पर वास्तविक बात तो यह है कि सन्त लक्ष्य और पथ दोनों ही हैं।

जहाँ तक संत लक्ष्य और पथ दोनों ही है, वह ईश से भी महान् समझा जाता है। तुलसीदास जी का कथन है, 'मेरी दृढ़ आस्था है कि श्रीराम का भक्त उनसे भी महान् है। सभी संत एक स्वर से यही उद्घोषित करते हैं।'

यद्यपि प्रभु सर्वव्यापक हैं, किन्तु गुरु-कृपा के बिना उनका साक्षात्कार नहीं हो सकता है। सन्त अथवा गुरु ही इसके एकमात्र मार्ग हैं। संसार से मुक्ति का अन्य कोई मार्ग नहीं है। संत ही ईश्वर के सजीव प्रतीक हैं। संत के दर्शन, उनका चिन्तन-स्मरण, पाद-संस्पर्श, उनके संग वार्तालाप आदि से व्यक्ति में प्रभु कृपा की अजस्र धारा प्रवाहित होने लगती है, जिससे वह आध्यात्मिक

ज्ञान के चरम शिखर पर शीघ्र आरूढ़ हो जाता है। तुलसीदास जी ने सत्संग की महिमा का बड़े ही सारगर्भित शब्दों में वर्णन किया है –

तात स्वर्ग अपवर्ग सुख, धरिय तुला इक अंग।
तुलै न ताहि सकल मिलि, जो सुख लव सत्संग॥

अर्थात् तराजू के एक पलड़े पर स्वर्ग तथा मोक्ष के सारे सुख रखे जायें तथा दूसरे पर केवल क्षण-भर का सत्संग हो तो सत्संग का पलड़ा ही भारी होगा। संसार सागर को पार करने के लिये सत्संग के अतिरिक्त अन्य कोई नौका नहीं है। वह बड़ा ही भाग्यशाली है जिसे सत्पुरुष का सम्पर्क प्राप्त हो चुका है। उससे भी अधिक भाग्यशाली वह है जिसे सन्त-चरणों में अटूट श्रद्धा है और सर्वाधिक भाग्यवान् तो वह है जिसने सन्त चेतना के साथ तादात्म्य साध लिया है।

यदि किसी के लिये सन्त संपर्क संभव न हो तो उसे उपनिषद्, गीता, योगवाशिष्ठ, रामायण, भागवत आदि सद्ग्रंथों से संपर्क रखने का प्रयत्न करना चाहिये। उसे तीर्थवास करना चाहिये, और वहाँ प्रभु-महिमा के श्रवण और कथन में संलग्न रहना चाहिये। यह भी उसके लिये सत्संग ही है। जिस किसी कार्य से हृदय पावन बनने में सहायता मिले, वे सभी सत्संग ही माने जाने चाहिये। ■

Atmabhava

Swami Niranjanananda Saraswati



Sri Swami Satyanandaji's life was divided into four chapters. The first chapter was at his home for twenty years, when he received his education, managed the family estates and awakened spiritual samskaras. The second chapter was when he came to his guru's ashram and lived the life of a disciple and sevak. Then he comes to Munger, where the third chapter unfolded and he worked as a karma yogi after taking the sankalpa to fulfil the mandate of his guru. The fourth and last chapter is in Rikhia where we see bhakti as the focus and foundation of his life.

The common thread that runs throughout the four chapters is his *nishkama bhava,* his total selflessness. From the very first time that we got to know our guru until today, we have never seen a trace of selfishness in his life. When he lived at home, he worked tirelessly in a spirit of selflessness. In his guru's ashram, nishkama bhava infused all his activities for

the period of twelve years of continuous service. In Munger, he fulfilled the mandate of his guru and took the teachings of yoga from door to door and shore to shore with the same spirit of selflessness. Then one fine day, he leaves all this behind with an ease that can only come from a strong nishkama bhava. When he undertakes the sadhanas prescribed for paramahamsa sannyasins in the scriptures during his time in Rikhia, his devotion and dedication is beyond the ordinary. In fact, we have seen the flowering of his bhakti in the form of love which represents the culmination of bhakti. The love which he had for each and every creature was full of bhakti towards the divine, because he was able to see the image of the divine in all beings.

Chote bade ko jisne samjha hai samaan,
Har prani ke bheetar jisne dekha hai bhagwan.

One who has looked upon all creatures as equals Has seen the divine within each being.

Someone who sees the divine within all creatures, will they wave lamps and offer pooja to them or simply love them from the bottom of their heart? This has been the teaching of our Gurudev; if you wish to perfect bhakti, then learn to love everyone and everything. It has been his belief that the divine is always present in every being. In the decades of the 1950s and 1960s, he used to say that his Saraswati sweeps the streets, his Lakshmi works as a housemaid, his Durga cooks food in the kitchen. Should I worship and honour them or the inert idols in temples? This was how he felt deeply, he saw the divinity within each person.

Let us look at the description and understanding of what and who is the divine. The divine is referred to as *Isha* which means the Master of all. We speak of the Divine who is enshrined in every speck of creation as living energy and consciousness, that presence which exists within each one of us as *atma,* the soul. Have you ever seen the soul?

Mamaivaamsho jeevaloke, jeevabhuta sanaatanah
Manahshashthaan indriyaani prakriti sthaani karshati.

It is a part of Me which goes to the earthly plane . . .

This tiny part of the supreme divine being is within each one of us as the atma or soul. This soul is separate from the body and the mind and one who can make the journey towards the atma has the experience of the supreme divine within. The atma which is present within us is the divine element and this is the reason why it is said that the divine is the light which lives within each creature.

When our Gurudev spoke of atmabhava, he said that one should see the divine within oneself and in everyone. He gave the example of a mother who spends the whole night looking after her sick child. Why does she do it? Is her care necessary after the doctor has come and given the medicines? Those medicines will do their work and heal the child, then why does the mother sit there all night and watch over the child? Will the child's fever or cold be cured by her presence? No. And yet she stays beside the child all night. Why? Because she sees the child as a part of her own self, she sees herself in the child and her relationship is that of atmabhava.

This feeling of atmabhava is a result of love and atmabhava is strengthened by remembrance. Your son travels to America for studies, then works and lives there. Though the son is far away, he is never far from your heart and mind. Your thoughts are always with him. It must be this time now in America, he must have gone to work, he must be having his lunch and so on. Every moment of the day thoughts of your son will be at the forefront of your mind. Memory is *smaran*, remembrance. Why is there this constant memory? Because of the love you feel for your son. So love and remembrance go hand in hand. If you love someone, you are always remembering them; and if you find that you are remembering someone, be sure that you must feel at least a little love for them, even if you are not conscious of this fact. Remembrance and love always go together. ■

About Bhava

Swami Sivananda Saraswati

Bhava is a Sanskrit term. There is no proper equivalent for this word in English. It means mental attitude or disposition. It is an internal feeling. There are three kinds of bhavas, sattwic bhava, rajasic bhava and tamasic bhava, according to the nature of the quality that predominates in the individual. Sattwic bhava is a divine bhava. It is a pure bhava. Just as thought, memory and will can be easily developed through practice, so also bhava can be developed. An evil bhava can be transmuted into a pure bhava. The bhava of either friendliness or enmity is a mental creation. The enemy or friend is not outside; the bhava is a feeling or imagination from within. An intimate friend of long standing can become a deadly enemy within a second. One hot or harsh word changes the situation completely. When a friendly bhava exists, Mr Smith imagines and expects that his friend, Mr Nicholas, will serve him when he is sick, and that he will have his loving company. He thinks of his friend's loving words and also imagines that his friend will lend him money when he is in distress. He imagines that Mr Nicholas will show him love and receive him with kindness.

These are the feelings of people when a friendly bhava reigns in their minds. When such friendship is lost, Mr Smith entertains different kinds of feelings towards Mr Nicholas. He has no confidence in his old friend any more. He is afraid of him. He turns his face when he meets him. He speaks ill of him. He thinks that Mr Nicholas will injure him. The whole position is completely changed as the bhava has also radically changed.

When an idea occupies the mind exclusively, a mental state or bhava corresponding to the nature of the idea enters the being. Think of your enemy for some time, then an inimical bhava will manifest. Think of mercy or universal love, and the



corresponding bhava will manifest. Think of universal service and the bhava of service will be experienced. Think of Lord Krishna and His lilas at Vrindavan, and a bhava of love and devotion to Krishna will manifest. Feeling always accompanies thought. You cannot separate thought from feeling. They are like fire and heat.

You should watch all your mental states through vigil and introspection. Do not allow any negative or undesirable bhava to manifest. Change the evil bhava immediately by thinking of its opposite. A positive attitude overpowers a negative one.

A sattwic bhava or pure feeling is a valuable asset for you. Through the sattwic bhava, you must try to be established in Brahma bhava. The struggle will be keen in the beginning. There will be an internal warfare between the demonical and divine bhavas. The former will try its best to re-enter the mental factory. Eventually, through constant practice, the sattwic bhava will triumph.

A rich man and a learned man have the bhava of arrogance and superiority. A real sannyasin has the bhava of equality, oneness and love. Bhavas differ in different persons according to their nature. In worldly parlance, the relationship between father and son, husband and wife, master and servant, friend and friend, brother and sister is meant to develop the various degrees of divine love, and to extend this love to God by transforming the lower emotions into sublime, divine emotions. That is the aim of these relationships. The lower human bhava is transmuted into a higher divine bhava. Worldly relationships and bhavas are preliminary training for the development of the divine bhava. Such relationships are not permanent because everything in this world is a passing shadow. If an aspirant seriously reflects and discriminates between that which is real and that which is unreal, he will give up clinging to names and forms. ■

सत्यम् पूर्णिमा • पद्म ज
~ ज्योतिर्मय पथ पर चलो
स्वास्थ्य, सुख-शान्ति, साम

2023

1923 ~ 2023 · Centenary
Jayant

The Destiny of Union

Swami Niranjanananda Saraswati

Satsang is the path of transformation of what one feels and knows, an expansion of the horizons of perception. As one's perceptions develop, one begins to connect with other people. Satsang is being in the company of, or in association with truth, with good people who uplift and encourage. *Sat* means truth, reality, that which really exists, and *sanga* means association with. Satsang is association with what is true and real. What is true and real, apart from the senses, mind, desires and expectations? What is the truth beyond the material dimension? The concept of truth and reality begins with modification or fine-tuning of buddhi.

